कमलेश ठाकुर ने किया संयुक्त कार्यालय भवन और परिधि गृह देहरा के भवन का शिलान्यास

दोनों भवनों के निर्माण पर लगभग 127 करोड़ रुपए की धनराशि होगी व्यय

सवेरा न्यूज/ब्यूरो

देहरा,9 दिसंबर : विधानसभा क्षेत्र देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने देहरा में 98.72 करोड रुपए की लागत से निर्मित होने वाले संयुक्त कार्यालय भवन और 28.27 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले परिधि गृह के भवन का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देहरा का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त कार्यालय भवन और परिधि गृह जैसी परियोजनाएं देहरा क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करेंगी। इन दोनों भवनों के निर्माण से देहरा की जनसुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। यह क्षेत्र के प्रशासनिक ढाँचे को अधिक सक्षम और जनता के लिए उपयोगी बनाएगा। सरकार विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संयुक्त कार्यालय भवन के निर्माण से विभिन्न विभागों के कार्यालय एक ही परिसर में स्थापित होंगे, जिससे आम जनता को सुगम, त्वरित एवं समन्वित सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता एवं गति में वृद्धि होगी और कार्य निष्पादन में समय और संसाधनों की बचत होगी साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित परिधि गृह में 35 आधुनिक कमरों के अलावा जिम,क्लब एवं कम्युनिटी हॉल और पार्किंग सुविधा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि उपयुक्त भूमि उपलब्ध होती है तो देहरा में स्वच्छ हेतु स्विमिंग पूल भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्य गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता के साथ तथा तय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाएँ। उन्होंने कहा जनता ने मुझे विकास की उम्मीद के साथ चुना है। उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही देहरा तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन, तहसीलदार कर्म चंद कालिया , अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग हरबंस लाल शर्मा ,अधिशासी अभियंता बलवीर सिंह,वन मंडल अधिकारी सनी वर्मा, अधिशासी अभियंता बिजली बोर्ड बालेश शर्मा , सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग परविंदर सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र ठाकुर, पूर्व महासचिव द्रंजलीत शर्मा, एसएमएस कृषि रजन कमल और उधान विवेक गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी,पार्टी कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नशा माफिया के कब्जे से 130 ग्राम चरस, 6.82 ग्राम चिट्टा, 102340 रुपए व डिजिटल तराजू बरामद

सवेरा न्यूज/फ्रंटल कोशल

नूरपुर, 9 दिसंबर : पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अन्तर्गत नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए पुलिस थाना जवाली के अधीन मुकाम गांव देहरी में रंजना देवी पत्नी मदन सिंह, सन्नी कुमार पुत्र मदन सिंह और सुनील कुमार उर्फ नोखा पुत्र मदन सिंह सभी निवासी गांव देहरी डा. हरसर तै. ज्वाली जिला कांगड़ा हि.प्र. के रिहाईशी मकान की तलाशी के दौरान 130 ग्राम चरस, 06.82 ग्राम हैरोइन/चिट्टा, 102340 रुपए व डिजीटल तराजू बरामद करने में सफलता हासिल की है। जिस पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना ज्वाली में पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त अभियोग में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है व एक आरोपी अन्धेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया, जिसकी तलाश हेतु नूरपुर पुलिस द्वारा विभिन्न-2 स्थानों में कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

राज्यसभा में उठा युवाओं का पलायन, डॉ. सिकंदर कुमार ने हिमाचल में स्टार्ट-अप व उद्योग बढ़ाने की मांग की

सवेरा न्यूज/कपिल बस्सी हमीरपुर, 9 दिसंबर : राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार ने मंगलवार को सदन में हिमाचल प्रदेश के युवाओं का पलायन और राज्य में उद्योगों की कमी का विषय उठाया। उन्होंने कहा कि युवा आज पढ़-लिखकर नोएडा, चंडीगढ़, दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में काम ढूँढने जा रहे हैं। इससे उनका समय, पैसा और परिवार से दूर रहने का संघर्ष बढ़ जाता है। जबकि हिमाचल में प्रतिभा की कमी नहीं, अवसरों की कमी है। इसलिए वह सरकार से अनुरोध करते हैं कि हिमाचल में स्टार्ट-अप और वर्क-फ्रॉम-हिमाचल मिशन बनाया जाए। छोटे उद्योगों, आईटी सेवाओं, ई-कॉमर्स और पर्यटन से जुड़े व्यवसायों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। हर जिले में नए स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाए जाएं एआई, डेटा, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल और हेल्थ टेक जैसे भविष्य के कौशलों में प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन को सिर्फ धार्मिक स्थलों तक सीमित न रखा जाए एडवेंचर टूरिज्म, इको टूरिज्म और होमस्टे सेक्टर को बेहतर नियमों और डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ा जाए। सिकंदर कुमार ने कहा कि वह केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि युवाओं से संबंधित इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाए, जिससे हमारे युवाओं को अपने ही प्रदेश में रोजगार मिलेगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी जिससे पलायन रुकेगा और परिवारों की खुशियां वापस हिमाचल में रहेंगी।

सेब के पौधों व अन्य फलदार पौधों को रोपित करते समय बागवान रखे विशेष ध्यान : डॉ. मनोहर लाल

सवेरा न्यूज/महिंद्र पटियाल भरमौर, : भरमौर उपमंडल के सभी बागवानों को सेब के व अन्य फलदार पौधों को रोपित करते समय विषय विशेषज्ञ उद्यान विभाग भरमौर डॉ मनोहर लाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी बागवान शरद ऋतु में पौधे लगाते समय 10ड्ढ30 ग्राम मायकोराइजा को गड्ढे में डालें तथा सुनिश्चित करें कि यह जड़ क्षेत्र (रूट जोन) को स्पर्श करे, क्योंकि मायकोराइजा को जीवित जड़ों के संपर्क की आवश्यकता होती है। इसे मिट्टी से ढक दें और पानी दें इससे पौधे की जड़ों में शुरूआती वृद्धि मजबूत और तेजी से होती है। माइक्रोहिजा एक लाभदायक फंगस है जो पौधों की जड़ों के साथ सहजीवी संबंध बनाता है। यह मिट्टी में जड़ों का फैलाव कई गुना बढ़ा देता है और पोषक तत्वों खासकर फॉस्फोरस जिंक, आयरन, कॉपर को आसानी से उपलब्ध करवाता है इससे कम उर्वरक वाली मिट्टी में भी पौधे अच्छे से बढ़ते हैं। इससे रासायनिक फॉस्फोरस उर्वरक कम डालनी पड़ती है और किसानों की लागत में भी कटौती होती है।सूखे के दिनों में यह पानी को ज्यादा दिन तक उपयोग करने में पौधों की मदद करता है। इसके साथ मायकोराइजा पौधों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह मिट्टी की संरचना को बेहतर बनाता है मिट्टी में और माइक्रोबायोलॉजीकल कार्यों को सक्रिय करता है जो कि आगे चल कर लाभदायक सिद्ध होते हैं तथा भविष्य में यह उपज को बढ़ाने में मददगार सिद्ध होगा।

डॉ. मनोहर लाल

धर्म की रक्षा के लिए दशरथ ने राक्षसों का नाश करने भेजे थे श्री राम : विकास दास महाराज

राम विवाह पर श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कथा का किया श्रवण

सवेरा न्यूज

ऊना, 9 दिसंबर : जिला ऊना मुख्यालय के श्री रामलीला मैदान में चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन कथा व्यास जगदगुरु विकास दास महाराज ने राम जन्म के बाद कथा के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि बाल्य काल में महर्षि वशिष्ठ के साथ श्री राम को धर्म की रक्षा के लिए महाराज दशरथ ने भेजा था। उन्होने कहा कि श्री राम ने राक्षसों का वध कर हवन यज्ञ को बचाया और ऋषि परंपरा की रक्षा की। उन्होंने कहा कि आज हम सनातन का गुणगान कर रहे हैं, सनातनी परंपराओं का गुणगान कर रहे हैं, सनातन आगे बढ़े इसका प्रचार कर रहे हैं तो यह श्री राम के बाल्य काल में धर्म के लिए किए गए युद्ध का परिणाम है। कथा के चौथे दिन हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कथा में पहुंचकर कथा का श्रवण किया और महाराज श्री का आशीर्वाद लिया।

महाराज जगदगुरु विकास दास जी ने कहा कि भगवान श्री राम के चरित्र को बार-बार कहने, से जो आनंद की प्राप्ति होती है, वह अद्भुत है जितनी बार भी भगवान राम का चरित्र सुन एक नई उमंग ऊर्जा पैदा होती है। उन्होंने कहा कि धनुष तोड़ने के लिए सभी योद्धा आये, लेकिन महादेव की कृपा श्री राम पर थी और उन्होंने कुछ ही देर में श्री राम उस धनुष को प्रणाम कर तोड़ दिये है। उन्होंने कहा कि भगवान राम मयार्दा जानते हैं इसलिए धनुष टूट गया। उन्होंने कहा कि केवल बल से ही हर कार्य नहीं किया जा सकता है, कुछ कार्य को करने के लिए धर्म की समझ और मयार्दा होनी चाहिए। इस अवसर पर राजू पराशर, प्रवीण शर्मा ,देशराज गौतम ,विक्रम डिक्की सहित अन्य उपस्थित रहे।

सनातन में हो सबकी आस्था, यही हमारी पहचान : मुकेश

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने श्री राम कथा में शिरकत करते हुए जगदगुरु विकास दास महाराज का आशीर्वाद लिया। अपने संबोधन में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सनातन हमारी पहचान है, सनातन का प्रचार हो, सनातन आगे बढ़े उसके लिए सबको काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम की मयार्दाओं का पालन सब करें। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने सनातनी होने पर गर्व होना चाहिए।

सुजानपुर सिद्धू चौक पर स्कूटी व कार की टक्कर

सवेरा न्यूज/गोरव जैन सुजानपुर, : नशा करके वाहन चलाना एक वाहन चालक को महंगा पड़ा है। सुजानपुर सिद्धू चौक पर मंगलवार को एक स्कूटी चालक की कार चालक के साथ भिडत हो गई । हादसे में वाहन चालकों को भारी नुकसान हुआ। गनीमत यह रही की वाहन चालक सुरक्षित रहे । मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और जांच पड़ताल के बाद पता चला कि वाहन चलाने वालों में से एक वाहन चालक नशा करके वाहन चला रहा था, जिसका पुलिस ने मौके पर ही ड्रिंक एंड ड्राइव का चालान किया गया है।

एसजेवीएन लिमिटेड SJVN Limited
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
नवरत्न सीपीएसई A Navratna CPSE
CIN No. L40101HP1988GOI008409
नाथपा झाकड़ी जल विद्युत स्टेशन
प्रेस नोटिस/ई-निविदा संख्या पीसीबी-2955 (सिविल)/2025
एसजेवीएन लिमिटेड की ओर से "हाई परफॉर्मेंस कंक्रीट (एचपीसी) का इस्तेमाल करके पिलर बकेट की डैमेज इनवर्टेड कंक्रीट लाइनिंग की रिप्लेसमेंट रिपेयर, रिवर ट्रेनिंग और नाथपा डैम से जुड़े कार्य" हेतु घरेलू प्रतिस्पर्धात्मक बोली (डीसीबी) पर आधारित ऑनलाइन बोलियां (ई-टैंडर) आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया https://etender.sjvn.co.in, www.sjvn.nic.in और www.eprocure.gov.in वेबसाइट पर जाएं।
बोली दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 30.12.2025 (12:00 बजे) है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 31.12.2025 (13:00 बजे) है।
संशोधन यदि कोई होगा तो वह केवल उक्त वेबसाइट पर ही जारी किया जाएगा।
हिते एवं कृते एसजेवीएन लिमिटेड
विमाग्याध्यक्ष (प्र एवं सि. विभाग) एनजेवीएनएल, एसजेवीएन लिमिटेड, झाकड़ी, जिला सिमला, हि.प्र.-172201

पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण 2 में प्रभावित विस्थापित क्षेत्र के प्रशिक्षित युवाओं को एनएचपीसी में दिया जाए अस्थाई

प्रभावित पंचायत रैला के युवाओं ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

सवेरा न्यूज/पाल

कुल्लू, 9 दिसम्बर : ग्राम पंचायत के स्थानीय युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एनएचपीसी में अस्थाई रोजगार हेतु उपायुक्त कुल्लू को ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय युवाओं ने एनएचपीसी चरण 2 में हो रही अस्थाई भर्ती में स्थानीय युवाओं की अनदेखी का आरोप लगाया है। स्थानीय युवा हरि सिंह, धामी, घनश्याम, राहुल, हितेश, विजयश्री, गोरख, राकेश दुर्गा सिंह, शशि नेगी ने का कहना है कि ग्राम पंचायत रैला में एशिया की सबसे बड़ी पार्वती परियोजना का निर्माण हुआ है। राष्ट्रहित में इस पंचायत के लोगों ने अपनी जगह, जमीन, घर बार सब कुछ न्यौछावर कर दिया। उसकी एवज में केवल मात्र 20 लोगों को स्थायी रोजगार दिया गया। आज पार्वती जल विद्युत परियोजना बनकर तैयार है। और करोड़ो रुपए की कमाई शुरू हो गई है। जो राष्ट्रहित में खुशी का विषय है। स्थानीय युवाओं ने उपायुक्त कुल्लू से आग्रह रहेगा कि पार्वती जल विद्युत परियोजना के उच्च अधिकारियों को इस संदर्भ को प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की है ताकि स्थानीय रैला पंचायत के युवाओं को राष्ट्रहित में अपने घर जमीन की आहुति देने के बदले अस्थाई रोजगार प्रदान हो सके। वहीं स्थानीय युवाओं ने दो टूक शब्दों में कहा है कि अगर परियोजना प्रबंधन प्रभावित पंचायत रैला के प्रशिक्षित युवाओं को अस्थाई रोजगार मुहैया नहीं करती मजबूर परियोजना के खिलाफ खड़े होना को विवश होना पड़ेगा।

उपायुक्त को ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से जानकारी साझा करते हुए युवा।

बिना वेतन काम नहीं, 24 दिसंबर को बसें खड़ी करेंगे एचआरटीसी चालक-परिचालक

एचआटीसी मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करते चालक-परिचालक।

चालक-परिचालक संघ ने एचआटीसी मुख्यालय के बाहर सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ किया प्रदर्शन

सवेरा न्यूज/कुलदीप

शिमला, 9 दिसंबर : नौ दिन बाद भी वेतन न मिलने पर एचआरटीसी के चालक-परिचालकों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को भी पुराना बस अड्डा स्थित निगम मुख्यालय के बाहर चालक-परिचालक संघ ने प्रदेश सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने साफ कहा कि वेतन और लंबित वित्तीय लाभों के बिना अब वे आगे काम करने की स्थिति में नहीं हैं।

चालक यूनियन के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि निगम की कार्यशालाओं में न तो कलपुर्जे उपलब्ध हैं और न ही पर्याप्त मैकेनिक। इसके बावजूद प्रबंधन खराब बसों को रूट पर भेजने का दबाव बनाता है। बसें खराब होने पर पब्लिक से मार-पिटाई भी कर्मचारियों को झेलनी पड़ रही है, जबकि दोष प्रबंधन की लापरवाही का है। संघ ने कहा कि वेतन भत्तों के भुगतान में लगातार हो रही देरी से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। 100 करोड़ रुपए से अधिक ओवर नाइट भत्ते लंबित हैं, 2016 का एरियर अभी तक नहीं मिला, जबकि मेडिकल प्रतिपूर्ति भत्ता पांच साल से अधिक समय से अटका है। मानसिंह ठाकुर ने चेताया कि यदि 15 दिनों के भीतर सभी वित्तीय लाभ जारी नहीं किए गए, तो 24 दिसंबर को संघ निर्णायक फैसला लेगा और प्रदेशभर में बसें खड़ी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चला जाएगा। कर्मचारियों ने कहा कि घाटे का हवाला देकर अधिकारों से वंचित करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब यह लड़ाई हक और सम्मान की है्र और इसमें वे पीछे नहीं हटेंगे।

भरेडी बाजार में डेढ़ साल बाद लगे सीसीटीवी कैमरे

सवेरा न्यूज/दीना नाथ शास्त्री

जाहू, 9 दिसंबर : भोरंज उपमंडल के प्रमुख व्यापारिक केंद्र भरेडी में डेढ़ साल बाद मंगलवार को सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। यह उच्च क्वालिटी होने के कारण पुलिस को अपराधिक घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भरेडी बाजार में डेढ़ साल पहले फुटपाथ के निर्माण के कारण सीसीटीवी कैमरों को हटा दिया गया था तथा पोल लंबे समय से लावारिश अवस्था में पड़ा हुआ था। इस दौरान बाजार में आभूषण की एक दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को भी अंजाम दिया था। पपलाह पंचायत प्रधान अंकुश सैनी का कहना है कि भरेडी बाजार में करीब 250 दुकानें है और चारों ओर फैला हुआ बाजार है। यहां पर लंबे समय से सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग अब पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे जहां अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा, वहीं पुलिस विभाग को भी मदद मिलेगी। जाहू से बस्सी वाया भरेडी, अवाहदेवी से भरेडी अमरोहर से भरेडी आदि सड़कें भरेडी व्यापारिक केंद्र को जोड़ती है। सीसीटीवी कैमरों के लगने पर गरीब असहाय सहायता संस्था भरेडी के अध्यक्ष अरूण कुमार अरोड़ा, महासचिव डॉ. पी.सी. सैनी, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच विद्या सागर शर्मा, केसी सहगल, धमरोल पंचायत उपप्रधान विजय कुमार, दुकानदार, धर्म चंद, निर्मल कुमार, हुकम चंद, रजत वर्मा, अरूण शर्मा, बिहारी लाल, रमा कालिया व अन्य प्रशासन का आभार प्रकट किया है।

सार्वजनिक सूचना
ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, नजदीक चकली सर्कल, वृत्रना पादरा रोड, वडोदरा 390 007.
संयुक्त कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बांद्रा-कुरला परिसर, मुम्बई 400 051.
सोने की ई-नीलामी एवं आमंत्रण सूचना
निम्न वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") ने उनके द्वारा सोने के गहनों के तहत प्राप्त ("सुविधाएं") सुविधा की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया है। दिसम्बर 20, 2025 को हम निम्नवर्णित ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं, क्योंकि वे कर्जदार जो बकाया है, क्योंकि वे कर्जदार जो भुगतान में असफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक के पास किया किसी पूर्व सूचना के खाते को हटाने / ई-नीलामी तिथि को बढ़ाने का अधिकार है। नीलामी दोपहर 12:30 बजे से सायं 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिए, कृपया दो गई वेबसाइट पर लॉग इन करें। कर्जदार के मृत होने पर, सभी शर्तें कानूनी वारिसों पर लागू होंगी।

ऋण खाता नं.	शाखा का नाम
शाखा नाम : चम्बा	
139262000122	नालिन्दा सिंह
139262000127	मोहिन्द्र सिंह
139262002159	जरीना बेगम
139262002449	जरीना बेगम
139262002372	अनवर अली
139262002377	पूजा देवी
शाखा नाम : चम्बेर	
465562000080	कमलजीत
शाखा नाम : चौपाल	
770162000147	शीला शर्मा
शाखा नाम : देहरा (देव गोमोहर)	
442962000064	राम लुभाया
शाखा नाम : धर्मशाला	
050062001456	सोमा कुमारी
050062002158	मोना चौरा
शाखा नाम : फ्रान्सली-अन्नी	
769762000104	अमर चंद
शाखा नाम : हमीरपुर	
050262001099	राकेश शर्मा
शाखा नाम : जाहू	
447662000081	संदीप कुमार
447662000026	संदीप कुमार

ऋण खाता नं.	शाहक का नाम
शाखा नाम : कालाअम्ब	
372962000297	सलमान सिंह
शाखा नाम : करंगड़ा	
140662000811	जयपाल जयपाल
शाखा नाम : कुल्लू	
073662000856	ध्यान सिंह
शाखा नाम : नालौन	
754762000320	अंग पाला
शाखा नाम : नालागढ़	
372762000293	मनोहर लाल
372762000928	हरमान
शाखा नाम : पपरौला	
446862000173	लोपन दोरा
शाखा नाम : समुद्र-अयोध्यानाथ मंदिर	
162662002872	नरेश चंद
162662002956	नरेन्द्र सिंह
162662002961	अशोक कटोच
162662003171	हीरा दास
162662003187	पवनेन्द्र कुमार
162662003248	राज कुमार
शाखा नाम : रिकांग पियो	
771162000023	देव कृष्ण

ऋण खाता नं.	शाहक का नाम
शाखा नाम : रोहड़ू	
373362000657	विजय सिंह
शाखा नाम : शिमला	
635362003931	आशीष नायक
635362004880	नरायण कोलया
शाखा नाम : सिरमौर-कुफ्फरी	
366862000069	जसीत पैक
शाखा नाम : शिमला-टेंटू	
747362000015	अरिश शर्मा
शाखा नाम : सुलगनपुर (सोलन)	
793562000139	राजीव कुमार
शाखा नाम : हिमोन	
389162000499	सुरेन्द्र
389162000619	शिव सरन
389162000698	विक्रम सिंह
389162000771	राकेश कुमार
शाखा नाम : ऊना	
050662000734	रामचरन
शाखा नाम : चंडीगढ़ सेक्टर 34ए	
134157000034	पंकज सिंह

दिनांक : 10.12.2025
स्थान : चम्बा, हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, शिमला, सोलन, ऊना, सिरमौर, कांगड़ा
हस्ता/- अधिकृत अधिकारी
के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

धर्मशाला में ठंड से बचाव के लिए 'रैन बसेरा' शुरू, 50 बेघर लोगों को मिलेगी आश्रय सुविधा

सवेरा न्यूज/कपिल बस्सी हमीरपुर, 9 दिसंबर : राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार ने मंगलवार को सदन में हिमाचल प्रदेश के युवाओं का पलायन और राज्य में उद्योगों की कमी का विषय उठाया। उन्होंने कहा कि युवा आज पढ़-लिखकर नोएडा, चंडीगढ़, दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में काम ढूँढने जा रहे हैं। इससे उनका समय, पैसा और परिवार से दूर रहने का संघर्ष बढ़ जाता है। जबकि हिमाचल में प्रतिभा की कमी नहीं, अवसरों की कमी है। इसलिए वह सरकार से अनुरोध करते हैं कि हिमाचल में स्टार्ट-अप और वर्क-फ्रॉम-हिमाचल मिशन बनाया जाए। छोटे उद्योगों, आईटी सेवाओं, ई-कॉमर्स और पर्यटन से जुड़े व्यवसायों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। हर जिले में नए स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाए जाएं एआई, डेटा, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल और हेल्थ टेक जैसे भविष्य के कौशलों में प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन को सिर्फ धार्मिक स्थलों तक सीमित न रखा जाए एडवेंचर टूरिज्म, इको टूरिज्म और होमस्टे सेक्टर को बेहतर नियमों और डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ा जाए। सिकंदर कुमार ने कहा कि वह केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि युवाओं से संबंधित इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाए, जिससे हमारे युवाओं को अपने ही प्रदेश में रोजगार मिलेगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी जिससे पलायन रुकेगा और परिवारों की खुशियां वापस हिमाचल में रहेंगी।

अच्छी शिक्षा ग्रहण करके और नशे से दूर रह कर बने देश के आदर्श नागरिक : विक्रम शर्मा

राजकीय उच्च पाठशाला खुथड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का हुअ आयोजना

स्कूल बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब मचाई धमाल।

सवेरा न्यूज/दीना नाथ शास्त्री

जाहू, 9 दिसंबर : उप मंडल भोरंज की राजकीय उच्च पाठशाला खुथड़ी में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश खाद्य एवं नगारिक आपूर्ति निगम के निदेशक एंव बडसर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी विक्रम शर्मा ने द्वीप प्रज्जलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा उन्हे स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने स्कूली बच्चों, अभिभावकों व स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमीरपुर जिला के लिए सौभाग्य की बात है कि यहां से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. सुखविंदर सिंह और शिक्षा के साथ विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को अच्छी व गुणात्मक शिक्षा मिले। इसके लिए व्यापक परिवर्तन किए जा रहे हैं। भोरंज विधानसभा क्षेत्र के करहा में डे-बोर्डिंग स्कूल खोलना और सरकारी स्कूलों में बच्चों को सीबीएसई की शिक्षा देना सरकार का सराहनीय कदम है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व भोरंज विधायक सुरेश कुमार का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बच्चे नशे से दूर रहे तथा अच्छी शिक्षा ग्रहण करके देश व प्रदेश के आर्दश नागरिक बने इस ओर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खात्मे के लिए 16 दिसंबर को हमीरपुर में चिट्टे के विरोध में मैगा वॉकथॉन का आयोजना किया जा रहा है। इसके सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और सरकार व प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने भोरंज विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बोलते हुए कहा कि भोरंज सिविल अस्पताल में पहले दो से तीन डॉक्टर होते थे, लेकिन विधायक सुरेश कुमार के प्रयासों का डॉक्टरों की संख्या 8 से 9 पहुंच गई है और अप्रिशन भी होने लगे है। इससे भोरंज विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने बच्चों के आहवान किया कि नैतिक शिक्षा के साथ अनुशासन में रहने की भी सीख हासिल करें और वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लेकर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 5100 रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले स्कूल मुख्याध्यापिका संगीता शर्मा में स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रधान झरलोग नरेश ठाकुर, प्रदेश पर्यटन निगम के निदेशक परवेश ठाकुर, लदरौर संतोषी माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बलवंत सिंह, पूर्व अध्यक्ष नंदलाल, तरूण ठाकुर, डिंपल, मनीष, अक्षांश, पूर्व प्रधान के. रणजीत सिंह, सेवानिवृत प्रधानाचार्य विजय रणौत, नंदलाल शर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

राजकीय उच्च पाठशाला खुथड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित।

HDFC BANK
We understand your world
नीलामी बिक्री सूचना
विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न खातों में गिरवी रखे गए सोने के गहनों/सिक्योरिटी की सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जानी प्रस्तावित है। यह नीलामी उन कर्जदारों के सोने के गहनों/सिक्योरिटी की है, जिन्होंने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक) द्वारा ऋण बकाया चुकाने के नोटिस के बावजूद, उनके द्वारा हस्ताक्षरित एवं स्वीकृत ऋण समझौते की शर्तों के अनुसार भुगतान करने में विफलतादिष्ट है। बैंक ने कर्जदारों को ऐसा नोटिस भी जारी किया था, जिसमें नीचे दिए गए खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय दिया गया था, अन्यथा बैंक किसी कोई नोटिस जारी किए बिना गिरवी रखी गई पूरी गोल्ड सिक्योरिटी की नीलामी करने के लिए आजाद होगी। कर्जदारों ने भुगतान करने में लापरवाही की है एवं असफल रहे हैं, इसलिए बैंक ने ऋण समझौते के अधीन गिरवीकार के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीलामी के माध्यम से संपूर्ण सोने के गहनों/सिक्योरिटी को बेचकर गोल्ड सिक्योरिटी पर गिरवी को लागू करने एवं कर्जदारों द्वारा देय बैंक बकाया राशि वसूलने का निर्णय लिया है। नीलामी 17-12-2025 को प्रातः 10:00 बजे से निम्नलिखित शाखाएंशाखाओं में आयोजित की जाएगी। यदि किसी गिरवी रखी गई सिक्योरिटी की नीलामी दर्शाई तिथि पर आयोजित या समाप्त नहीं हो पाती है तो बैंक किसी बाद की तिथि एवं समय पर उक्त नीलामी आयोजित करने का आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र सं	ऋण नं	कर्जदार का नाम	ऋण राशि	नीलामी स्थान (शाखा पता)
1.	4000349293	सपना देवी	222000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, 363/3, सेंटर प्वाइंट, सिक्किल लाइंस, धर्मशाला, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश
2.	4000471639	मोनिका नितिन कुमार	109000	
3.	75291579	रोह